Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to appoint specialist doctors in Government Medical College, Ambikapur, Surguja district, Chhattisgarh.

श्री कमल भान सिंह मराबी (सरगुजा) :मेरे संसदीय क्षेत्र, छत्तीसगढ़ राज्य के सरगुजा जिला मुख्यालय, अंबिकापुर में स्थित "शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, अंबिकापुर" छत्तीसगढ़ के उत्तरी भाग में एक मात्र बड़ा स्वास्थ्य संस्थान है। इस अंबिकापुर अस्पताल पर सरगुजा के शहरी एवं ग्रामीण रहवासी मरीजों के अलावा अगल-बगल जिलों (जैसे-जिला बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया, जशपुर) के रहवासी/मरीज भी अत्यधिक निर्भर करते हैं एवं प्रतिदिन सैंकड़ों मरीज अपने इलाज हेतु इस अस्पताल में आते हैं।

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले मुख्यालय अंबिकापुर को वर्ष 2016 में मेडिकल कॉलेज की सौगात दी गयी थी। इसके लिए मैं माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का, माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जे.पी .नड्डा जी का एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री डॉ .श्री रमन सिंह जी का आभार प्रकट करता हूँ, किन्तु संभागीय मेडिकल कॉलेज होने के कारण कुछ समस्याएं हैं। वहां स्वीकृत पद के हिसाब से विशेषज्ञ डॉक्टर्स की कमी के कारण शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आये गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों का उचित उपचार मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर में नहीं हो पा रहा है, इन्हें उचित स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण बहुत से गरीब ग्रामीणों मरीजों को निजी अस्पताल में मंहगे इलाज के लिए मजबूर होना पड़ता है। विशेषज्ञ डॉक्टर्स की कमी होने के कारण बहुत से सीरियस मरीजों को अपने इलाज हेतु अंबिकापुर से बाहर भी जाना पड़ जाता है (जैसे -रायपुर, विलासपुर, बनारस आदि)।

विशेषज्ञ डॉक्टर्स की कमी के कारण मेडिकल कॉलेज में मंगाए गए बहुत से मंहगे चिकित्सीय उपकरण बेकार पड़े हुए हैं, इन बेकार पड़े उपकरणों से मरीजों को किसी भी प्रकार की जांच नहीं हो पा रही है।

वर्ष 2016 -2017 में एमसीआई से मान्यता नहीं मिलने के कारण वहां "जीरो प्रवेश वर्ष" घोषित किया गया था।

मैं माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जे.पी .नड्डा जी का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने अंबिकापुर गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज की समस्या को गंभीरता से लेते हुए एमसीआई से मान्यता प्रदान करवाने की कृपा की किन्तु वर्तमान सत्र 2018-2019 में स्वीकृत छात्रों के सीट के अनुसार बहुत कम छात्रों ने प्रवेश लिया है।

मैं केन्द्र सरकार एवं केन्दीय स्वास्थ्य मंत्री जी का इस गंभीर विषय पर ध्यान आकर्षित करवाना चाहता हूँ कि विशेषज्ञ चिकित्सक की पूर्ति करवाने की कृपा करें।